हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

*****************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नेशनल ऑर्डर ऑफ़ द सदर्न क्रॉस' के ग्रैंड कॉलर से सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर श्री मोदी ने ब्राजील का आभार प्रकट करते हुए कहा-- ब्राजील के राष्ट्रपति द्वारा मुझे ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित किया जाना मेरे लिए ही नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों के लिए भी अत्यंत गर्व और भावुकता का पल है। मैं इसके लिए उनका, ब्राज़ील सरकार और ब्राजील के लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

************************************************************************

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने पुराने वाहनों को ईंधन देने संबंधी अपने पहले के निर्देश में संशोधन किया है। आयोग ने कहा है कि दिल्ली, गुरूग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत में इस वर्ष पहली नवंबर से पुराने वाहनों को ईंधन नहीं मिलेगा। यह प्रतिबंध अगले वर्ष पहली अप्रैल से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य जिलों में भी लागू होगा।

************************************************************************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि पार्टी के सभी जिला पदाधिकारियों के नामों की घोषणा जल्द कर दी जाएगी।

एक प्रेस वक्तव्य में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और सभी 27 संगठनात्मक जिलों के जिला अध्यक्षों से विचार विमर्श के बाद जिला पदाधिकारियों की सूची तैयार कर ली गई है।

उन्होंने कहा कि कल उनकी अध्यक्षता में पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय "पंचकमल" में बैठक हुई, जिसमें जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों नामों की सूची तैयार की गई।

बैठक में प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मौजूद रहे।

************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि पार्टी ने बूथ स्तर पर गुरू पूर्णिमा मनाने का फैसला किया है।

पंचकूला में पार्टी के प्रदेशकार्यलय में एक बैठक के बाद जारी बयान में उन्होंने कहा कि कल गुरू पूर्णिमा के दिन भारतीय जनता पार्टी धार्मिक, सामाजिक, खेल व शिक्षा जगत से जुड़े गुरूओं का सम्मान करेगी। श्री बड़ौली ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के पुण्य पर्व पर साधु संतों के आशीर्वाद एवं सम्मान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर गुरूजनों का सत्कार किया जाएगा।

**************************************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान श्रीमती श्रुति चौधरी ने जल प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था के आधुनिकीकरण, पर्यावरण संरक्षण संबंधी परियोजनाओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पर्यावरण-संवेदनशील दृष्टिकोण को अपनाते हुए सतत विकास को प्राथमिकता दे रही है।सिंचाई मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण तथा सिंचाई अवसंरचना के क्षेत्र में ठोस कदम उठा रही है।

**************************************************************************

हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने  कल कैथल दौरे के दौरान उपायुक्त प्रीति के साथ बैठक की और वन स्टॉप सेंटर का दौरा कर वहां रह रही महिलाओं की समस्याएं जानीं।

साथ ही उन्होंने जिला जेल का दौरा कर जेल में बंद महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं। इसके बाद जिले की महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर महिला अपराधों पर अंकुश लगाने में सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने इस दौरे में खुलासा किया कि कैथल में टूटते परिवारों को बचाने व तलाक के मामलों को कम करने के लिए एक प्री-वेंडिंग काउंसलिंग सेंटर खोला जाएगा। जिसमें विशेषज्ञ महिलाएं लडके व लड़कियों को विवाह से पहले काउंसलिंग करेंगे।ताकि उनका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहे और तलाक की नौबत न आए। उन्होंने अपने दौरे को लेकर बताया -

उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में आए मामलों में से 60 प्रतिशत मामलों में तलाक, घरों के टूटने का कारण लिव इन रिलेशन सामने आया है। यह समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

**************************************************************************